## मजदूरों को ले जाने एवं वैवाहिक सीजन में लोडर वाहनों में बाराती सफर

# हादसे की चिंता न जान जाने का डर मजबूरी व जोखिम का हो रहा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मालवाहक वाहनों में नियम के अनुसार लोगों को सफर कराने पर पाबंदी है परंतु कई बार परिस्थितिवश यह जोखिम भरा सफर करने के लिए विवश होना पड़ता है। खासकर गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों को। हालांकि इस तरह मालवाहक वाहनों में क्षमता से अधिक लोगों के बैठने के चलते कई बार गंभीर हादसे भी चुके हैं जिनमें जान तक चली गई है। बावजूद इसके मजबूरी एवं जोखिम का बंद नहीं हो रहा है।

खासकर ग्रामीण क्षेत्र में मालवाहक के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान में मजदूरी कराने मजदूरों को भेड़ बकरियों की तरह ढोया जाता है। कई बार ओवरलोडिंग के चलते हादसे भी हो चुके हैं जिसमें मजदूरों की जाने भी जा चुकी है बावजूद इसके जिम्मेदार अमला इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे मनमानी चल रही है।

फसलों की कटाई या फिर दूसरे जिलों रोजी रोटी कमाने के लिए अक्सर मजदूर वर्ग के लोगों को ठेकेदारों द्वारा मालवाहकों में भेड़ बकरियों की तरह ठूंसकर भरकर ले जाने के नजारे आसानी से देखे जा सकते हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में लोडर वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर हादसों को न्यौता दिया जा रहा है। कई बार तो ओवरलोडेड वाहन थाने के सामने से गुजर जाते हैं।



### ट्रेक्टरों व पिकअप में बारातें

वैवाहिक सीजन में भी गरीब तबके के लोग ट्रेक्टरों व पिकअप वाहनों के माध्यम से बारातों का सफर भी तय करते हैं। शादी विवाह के सीजन में अक्सर वाहन हादसाग्रस्त होने की घटनाएं सामने आती रहती है। दशकों बाद भी जिले के कुछ क्षेत्रों में आज तक बसों का संचालन नहीं होने और से लोग तिपहया या फिर लोडर वाहनों में सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दूसरी ओर श्रमिक वर्ग के लोग इस तरह का जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हैं। ठेकेदारों द्वारा मजदूरी कराने के लिए मजदूरों को भेड़ बकरियों की तरह लोडिंग वाहनों में ले जाते हैं। कई बार दुर्घटना हो जाने के बाद पुलिस लीपापोती में जुट जाती है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूर वर्ग अक्सर मालवाहकों में ठूंस ठूंसकर सफर तय करते देखे जा सकते हैं। गरीब वर्ग के लोगों को पैसा और पर्याप्त यातायात सुविधा न होने के चलते उन्हें मालवाहक वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीण अंचलों में नजारे को देखकर लोगों के होश उड़ जाते हैं जब ठूंस-ठूंस कर सवारियों को भरा जाता है।

आटो, ट्रेक्टर व पिकअप वाहनों में ओवरलोड सवारियां भरने पर पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं। हादसों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सवारी और लोडिंग वाहनों में ओवरलोडिंग रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।



## आंधी तूफान ने की आफत, हल्की बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रविवार को दोपहर बाद मौसम अचानक से बदल गया। पहले बादल छाए थोड़ी देर बाद तेज आंधी और तूफान चलने लगा। आंधी इतनी तेज थी कि कई मकानों के शेड हवा में उड़ गए, पेड़ों की शाखाएं टूट गई। दोपहर करीब डेढ बजे से आंधी तूफान चली जिससे कुछ देर के लिए आवागमन भी थमा रहा। आंधी थमने के बाद हल्की बारिश शुरू हो गई। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में भी कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई।

### मौसम हुआ सुहाना

मौजूदा समय में बैशाख माह में ही जेठ जैसी गर्मी से लोग परेशान थे। चिलचिलाती धूप से बाहर निकला मुश्किल हो रहा था, गर्म हवा के थपेड़े झुलसा रहे थे लेकिन आसमान में बादल छा जाने एवं बारिश होने के बाद मौसम सुहाना हो गया। हवा में भी हल्की ठंडक आ गई जिससे लोगों को काफी राहत महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार अभी एक दो दिन मौसम ऐसा ही बना रह सकता है।

### किसान पसोपेश में

रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की कटाई गहाई का कार्य जिन किसानों का पूरा नहीं हो पाया उनके लिए आंधी तूफान एवं बारिश परेशानी का सबब बनी। हालांकि जिले में अधिकांश किसानों की कटाई गहाई का कार्य पूरा हो चुका है खरीदी केन्द्रों में उपज बेचने के लिए भी किसान पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप




### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्याऊ का शुभारंभ

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान और कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर जन सहभागिता के प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत केवलारी के आदर्श ग्राम मोरकुंड में रविवार को सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत बिलहरी, बड़गांव एवं रीठी में यह प्याऊ जनहित में स्थापित किया गया है, जिससे आम नागरिकों और राहगीरों को स्वच्छ शीतल पेयजल सुलभ हो सकेगा।

### 28 पर्यवेक्षकों को शोकाज और 118 कार्यकर्ताओं को सेवा समाप्ति का नोटिस

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की मैदानी स्तर पर संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का व्यवस्थित संचालन नहीं करनें पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने 28 महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षकों को कारण बताओ नोटिस और 118 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवा समाप्त करने का नोटिस जारी किया है। जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री सिंह द्वारा निरंतर विभागीय समीक्षा कर लापरवाह पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का चिन्हांकन किया गया। मुख्य रूप से पर्यवेक्षक द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा संचालित योजनाओं का सही मूल्यांकन न करने एवं विभागीय योजना में कोताही बरतने तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा समय से केन्द्र संचालन न करने, बच्चों का वजन नाप सही न लेने, बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती न कराना इत्यादि है।

### आतंकवाद का पुतला दहन कर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन



**सिलौंडी।** बीते दिनों पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादीयो द्वारा हमला किया गया जिसमें 27 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस हृदय विदारक घटना के विरोध में सिलौंडी बस स्टैंड में हिंदू जागरण समिती सिलौंडी ने आतंकवाद का पुतला जलाया गया एवं जान गंवाने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सिलौंडी नायब तहसीलदार दिनेश असाटी को सौंपा गया। इस दौरान में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, सरपंच पंचों बाई बर्मन , दीपू मिश्रा रिटायर्ड फौजी, सौरभ मिश्रा ,भानु काछी ,रमेश राय ,प्रशांत रात नेगाई, रिंकू राय,अमरेश राय ,सोनू दुबे ,योगेश साहू, प्रशांत साहू ,सौरभ सेन ,सतीश दीवान शामिल रहे । पुलिस चौकी से प्रधान आरक्षक मंगल विश्वकर्मा, अतुल शर्मा, धर्मवीर सिंह ने शांति व्यवस्था बनाई।

### अलग अलग हादसे में तीन लोग हुए घायल

**कटनी।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत बाकल रोड पर मोटर साइकिल चालक ने एक युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 49 जेड डी 9667 के चालक पर मामला दर्ज किया है। ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत शिवम केवट 26 निवासी ग्राम भमका को मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 8260 के चालक ने टक्कर मार दी। बाकल थानांतर्गत सिंहुड़ी नदी के पास मेन रोड में जयनीत कुमार लोधी निवासी ग्राम सिंहुड़ी को एमपी 20 जेड डी 3678 के चालक ने टक्कर मार दी।

*कलेक्टर ने समय सीमा में कार्यवाही कराने के दिए निर्देश*

## आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 5 मई से होगी ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जायेगी। इसके लिये कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का राज्य शासन द्वारा घोषित टाइम टेबल के अनुसार शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जायेगी ।

जारी कैलेण्डर के अनुसार 5 मई को निःशुल्क प्रवेश के लिये मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन कराया जायेगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जायेगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र में 7 मई से 23 मई तक होगा। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक दी जायेगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिये उपस्थिति और




स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जायेगा।

आवेदक अपने ग्राम, वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये आवेदन दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित सत्यापन केन्द्र (शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है। इससे जुड़ी जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

### प्रवेश हेतु तय आयु

प्रवेश प्रक्रिया में कक्षावार निर्धारित आयु की भी जानकारी दी गयी है। नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, के.जी.-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, के.जी.-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह, कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने तय समय-सीमा में प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

## खेत में पहुंच गया मगरमच्छ, टीम ने किया रेस्क्यू



वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के धनवाही बीट में एक किसान के खेत में रविवार सुबह मगरमच्छ देखा गया, इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने मगरमच्छ को भगाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं भागा।ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि धनवाही बीट के राजस्व क्षेत्र में मगरमच्छ होने की सूचना रविवार सुबह मिली। वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा की जानकारी दी।जिसके बाद जबलपुर से रेस्क्यू टीम पहुँची।वन विभाग और रेस्क्यू टीम ने मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि रेस्क्यू किये गए मगरमच्छ को जबलपुर के डुमना के खण्डारी जलाशय में छोड़ा गया। बताया जा रहा है कि नदी में पानी नहीं होने से 5 फीट से अधिक लंबा मगरमच्छ खेतों में आ पहुँचा।

## केन्द्र के समान कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने पर हर्ष व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रदेश सरकार द्वारा अपने अधिनस्थ कार्यरत अधिकारीयों- कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारीयों के समतुल्य 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता स्वीकृत किये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए, संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारीयों द्वारा प्रदेश के मुख्य मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है. विगत जुलाई 2024से महंगाई भत्ते में शासन स्तर से कोई बढोत्तरी न होने से प्रदेश का अधिकारी- कर्मचारी काफ़ी हताश व परेशान था तथा बढ़ती हुई महंगाई से उन्हें दो-दो हाथ करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था,यही कारण है, कि संयुक्त मोर्चा कर्मचारी संघ ने निरंतर शासन पर महंगाई भत्ता बढ़ाने हेतु दबाब बनाये हुए था. विगत कुछ दिन पूर्व संगठन द्वारा कर्मचारियों के आर्थिक हित से जुड़े इस मांग को वरीयता पूर्वक मनवाने हेतु जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक जोरदार प्रदर्शन भी किया गया था. परिणाम स्वरूप मोहन सरकार द्वारा कर्मचारियों की पीड़ा को समझ कर उन्हें 1जुलाई 24 से लंबित 3%और1जनवरी 2025से लंबित 2%महंगाई भत्ते की किस्त देकर महंगाई भत्ते को केंद्र के बराबर करके कर्मचारियों की नाराजगी दूर करने का प्रयास किया गया।

.लंबित 5%महंगाई भत्ते की किश्त के घोषणा की खबर लगते ही कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण स्पष्ट देखने को मिला. कर्मचारी गण एक दूसरे को बधाई देते देखे गये.इस हेतु मध्यप्रदेश अधिकारी -कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के जिला पदाधिकारीयों में संस्थापक सरमन तिवारी, जिलाध्यक्ष आर. के. बत्रा, सचिव हरप्रीत सिंह ग्रोवर, महामंत्री सुनील मिश्रा,और प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत ने प्रदेश के मुखिया को ईमेल करके उन्हें धन्यवाद प्रेषित करते हुए, अधिकारीयों -कर्मचारियों की अन्य शेष लंबित मांगों की पूर्ति भी यथा शीघ्र करने का अनुरोध किया गया।

*जिम्मेदार अधिकारियों के बेपरवाही से ठेकेदार कर रहा मनमानी*

## करोड़ों के निर्माण कार्य में लापरवाही, हल्की बारिश में ही सड़क में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

लगभग आठ करोड़ रुपये की लागत से लखाखेरा बाईपास से बड़वारा ग्राम के मध्य से होते हुए जगतपुर उमरिया तक बनवाई जा रही सीमेंटेड सड़क व नाली में मानकों व नियमों को ताक पर रखकर कार्य कराया जा रहा है। सड़क एवम नाली निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। सड़क को समतलीकरण नही किया गया तथा नाली निर्माण कार्य मे भी लापरवाही की जा रही है। नाली का बेस(धरातल) में भी मटेटियल कम डाला जा रहा है। बेस में तराई ही नहीं कि जा रही है जिससे नाली का धरातल ही कमजोर हो जाएगा तो नाली अधिक समय तक स्थिर नही रह पाएगी।



बड़वारा में मिशन चौक के आगे मुख्य सड़क की स्थिति बेहद खराब है। रविवार को हुई हल्की बारिश से ही सड़क में पानी भर गया है स्थानीय लोगों व राहगीरों को सड़क से निकलने में बेहद परेशानी के दौर से गुजरना पड़ रहा है इसका निर्माण कार्य कार्य पूर्ण हो चुका है एवं नाली भी साथ में बनाई गई है ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही की गई है, पानी नाली में जाता ही नहीं है , एवं जहां नाली बनाना चाहिए वहां नहीं बनाई गई जहां नहीं बनना चाहिए वहां बना दी गई है। ठेकेदार द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है ठेकेदार अपना टारगेट पूरा कर रहे हैं। लगभग आठ करोड रुपए रोड तथा नाली का बजट है जिस पर जमकर धांधली की जा रही है। ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण व नाली निर्माण कार्य करवाते वक्त बोर्ड भी नही लगवाया गया जिसमें पूरी पारदर्शिता के साथ स्वीकृत राशि, ठेकेदार का नाम,निर्माण एजेंसी, सड़क व नाली को स्थिरता की गारंटी कब तक कि होगी किसी बात का उल्लेख बोर्ड लगाकर नही किया गया जिस पर किसी भी जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान नही गया जिसके चलते ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कार्य करवा रहे हैं।

### ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत शाहडार के जंगल में था बेजा कब्जा

## सुबह से शाम तक चली कार्यवाही, 35 हेक्टेयर भूमि से हटाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

वन भूमि में ग्रामीणों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई है। सुबह से शाम तक चली कार्यवाही में करीब 35 हेक्टेयर जमीन से अतिक्रमण हटाया गया।

जानकारी के अनुसार वनमंडल में वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के अंतर्गत शाहडार के घने जंगल के बीचो-बीच बीट पौड़ी के कक्ष क्रमांक आर एफ 279 में आसपास के ग्राम वासियों के संरक्षण में अन्य जिलों के व्यक्तियों द्वारा कई वर्षों से अतिक्रमण किया गया था, जिन्हें पूर्व में कई बार अतिक्रमण न करने हेतु समझाऐश देने पर इनके द्वारा भारतीय संविधान और वन विधि को नहीं मानते हुए महिलाओं को आगे कर लाठी व डंडा लेकर आगे किया जाता था।





अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर वन अपराध प्रकरण कायम किया गया और वन मंडल अधिकारी कटनी द्वारा भारतीय वन अधिनियम की धारा 80 के तहत बेदखली का आदेश जारी किया गया, परंतु इनके द्वारा अतिक्रमण खाली नहीं किया गया। 26 अप्रैल को जिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा निर्देशित राजस्व विभाग के करीब 5 सदस्यों व पुलिस विभाग के 10 सदस्यों की टीम के सहयोग से वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा के निर्देशन में करीब 70 वन कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण को खाली कराया गया। इस अतिक्रमण बेदखली अभियान की शुरुआत करीब सुबह 8:00 बजे हुई और अंधेरा होने तक करीब 30 से 35 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया।

वन विभाग से उप वनमण्डलाधिकारी पश्चिम कटनी सुरेश बरौले, वन परिक्षेत्राधिकारी ढीमरखेड़ा अजय कुमार मिश्रा, वन परिक्षेत्र अधिकारी बहोरीबंद देवेश गौतम और वन परिक्षेत्र अधिकारी रीठि महेश पटेल ने नेतृत्व किया। राजस्व टीम का नेतृत्व नायब तहसीलदार स्लीमनाबाद राजकुमार नामदेव एवं पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दहिया ने किया।

## ज्ञापन प्राप्त करने के लिए अधिकारियों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुंचकर राजनैतिक संगठन एवं अन्यथ संगठनों द्वारा ज्ञापन सौंपे जाते हैं। इन ज्ञापनों को लेने के लिए अधिकारियों और लिंक अधिकारियों की दिनवार ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के मुताबिक सोमवार को तहसीलदार नजूल गौरव पाण्डेनय की ड्यूटी ज्ञापन लेने हेतु लगाई गई है। इनके लिंक अधिकारी डिप्टीी कलेक्टर विवेक गुप्ता होंगें। इसी प्रकार मंगलवार को डिप्टी कलैक्टर विवेक गुप्ता को ज्ञापन प्राप्तय करने का दायित्वग सौंपा गया है। इनके लिंक अधिकारी तहसीलदार नजूल गौरव पाण्डे य होंगें। इसके अलावा बुधवार को डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी ज्ञापन प्राप्त करेंगें और लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्ट र संस्कृ ति मुदित लटोरिया होंगी। इसके अलावा गुरूवार को संयुक्तु कलेक्टधर संस्कृ ति मुदित लटोरिया ज्ञापन प्राप्त करेंगी। इनका लिंक अधिकारी डिप्टीत कलेक्टेर प्रमोद चतुर्वेदी को बनाया गया है।

इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टकर निधि सिंह गोहल शुक्रवार को ज्ञापन लेने का कार्य करेंगी। इनका लिंक अधिकारी एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा को बनाया गया है। एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा शनिवार और रविवार को ज्ञापन प्राप्तर करेंगें। इनका लिंक अधिकारी क्रमशः तहसीलदार कटनी नगर बीके मिश्रा और तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी को बनाया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

## खबर संक्षेप



### बैंक लोन जमा करने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**कटनी।** महिलाओ से बैंक लोन जमा करने के नाम पर लाखों रूपये का गबन करने वाले दूसरे आरोपी अभिषेक विश्वकर्मा को जबेरा ज़िला दमोह से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी माधवनगर अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में भारत फाईनेन्स बैंक के समूह मेम्बरो की महिलाओं से लोन की किस्त एवं प्री पेमेन्ट लिये गये लोन को नियत अवधि के पूर्व लोन क्लोज करना ,अन्य सी एस पी ऐप के माध्यम से महिला सदस्यों से यह कहकर कि आपके नाम से बैंक से लोन हुआ है या नही ,चेक करने के नाम पर बायोमैट्रिक मशीन में अगूठा लगवाकर समूह की महिलाओं के बैंक खातों से पहले से प्राप्त लोन को निकाल लिया एवं महिलाओं से लोन की किस्त की राशि जिसे बैंक में जमा कराया जाना था उसे अपने व्यक्तिगत लाभ के लिये समपरिवर्तित करने वाले दूसरे आरोपी अभिषेक विश्वकर्मा पिता कमलेश 23 वर्ष निवासी कोड़ाकला जबेरा ज़िला दमोह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष ज्यूडीशियल रिमाण्ड पर पेश किया।

### पशुपालकों के लिए नस्ल सुधार और उद्यमिता के नए अवसर

**कटनी।** राज्य शासन ने पशुपालकों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना को अब डॉ. अम्बेडकर पशुपालन विकास योजना के रूप में और अधिक सशक्त बनाया है। यह योजना पशुपालकों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने का माध्यम बनेगी और इससे उनके जीवन स्तर में सुधार के साथ ही आर्थिक तरक्की भी संभव हो सकेगी। पशुपालन गतिविधियों के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से बिना ब्याज के किसान क्रेडिट कार्ड, उन्नत नस्ल, अधिक आयः भ्रूण प्रत्यारोपण और बांझ निवारण शिविरों से पशुओं की नस्ल सुधरेगी, जिससे दूध उत्पादन और आय बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम से आधुनिक डेयरी तकनीक और विपणन का लाभ होगा। चारा उत्पादन कार्यक्रम से पशुओं के लिए पौष्टिक चारे की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ देशी और उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार दिया जायेगा। मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय कार्यक्रम के तहत पशुपालकों को दुधारू पशु मिलेंगे। साथ ही 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई स्थापना हेतु मुख्यमंत्री उद्यमिता विकास कार्यक्रमर के तहत सहायता प्रदान की जायेगी।

### आत्मनिर्भर होकर परिवार का सहारा बनी पूनम

**कटनी।** कभी निजी स्कूसल में मात्र 3 हजार रूपये के मासिक मानदेय की नौकरी करने वाली विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम डोकरिया की श्रीमती पूनम दुबे शारदा स्वेसहायता समूह से जुड़कर व आर्थिक मदद प्राप्तर कर कम्यूबय टर सेंटर, किराना दुकान और किराये से टैक्सी वाहन संचालित कर हर माह 15 हजार रूपये की आय अर्जित कर रही हैं। समूह से जुड़ने के बाद पूनम ने 30 हजार रूपये का ऋण लेकर अपने घर पर ही कंप्यूट टर सेंटर का संचालन शुरू किया। जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि हुई। जिससे प्रेरित होकर पूनम दुबे ने अपने बेरोजगार पति को भी रोजगार में लगाने का निर्णय लिया और समूह का सीसीएल कराया जिससे 60 हजार रूपये का व्यदक्तिगत ऋण लेकर एक छोटी सी किराना दुकान खोली। दुकान का संचालन पूनम के पति जितेन्द्र दुबे करने लगे। जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई। समूह का ऋण ब्याज सहित लौटाने के बाद पूनम दुबे ने दूसरी सीसीएल हेतु आवेदन किया जिससे बैंक द्वारा 3 लाख रूपये का ऋण वितरण किया गया। साथ ही पूनम ने कम्प्यूटर व किराना दुकान से हुई डेढ़ लाख रूपये की बचत को मिलाकर किश्त पर बोलेरो टैक्सी बाहन क्रय किया।

---

#### चलती ट्रेनों, आउटरों एवं प्लेटफार्मों में यात्रियों की सामग्री चोरी करने वालों को पकड़ा

# जीआरपी ने चोरों से डेढ़ दर्जन मोबाइल सहित जेवरात एवं नकदी किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



चलित ट्रेनो, आउटरों सहित प्लेटफार्म में यात्रियों की सामग्री चोरी करने वालों के विरूद्ध जीआरपी ने कार्यवाही करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी एवं लूट की सामग्री बरामद की है। जीआरपी ने करीब डेढ़ दर्जन महंगे मोबाइल एवं जेवरात भी बरामद किये है। जानकारी के अनुसार यात्रियों के साथ हो रही चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए जीआरपी प्रभारी एल.पी. कश्यप के नेतृत्व गठित टीम द्वारा आरोपियों को पकड़ने कार्यवाही की गई।

जीआरपी के अनुसार 10 फरवरी को फरियादी संकेत कुमार निवासी ग्राम नटवाही थाना सोनहत जिला कोरिया छ.ग. का ट्रेन नं. 15205 चित्रकूट एक्स. में यात्रा के दौरान एक मोबाईल वीवो कम्पनी का चोरी जाने का रिपोर्ट किया था जिस पर धारा 305 (सी) बीएनएस कायम कर दौरान विवेचना में लिया गया। 17/04/2025 को आरोपी रामलाल सेन पिता हिसावी सेन 48 साल निवासी गुलवारा थाना रैपुरा जिला पन्ना के कब्जे से एक मोबाईल जप्त किया गया। घटना दिनांक 08/10/24 को फरियादी भूपेन्द्र लोधी निवासी न्यू जेल रोड भोपाल का रेलवे स्टेशन कटनी में मोबाईल वनप्लस कम्पनी का चोरी होने की रिपोर्ट करने पर धारा 303(2) बीएनएश पंजीबध्द कर विवेचना दौरान दिनांक-17.04.25 को आरोपी सक्सीना पारदी पिता सुधन पारदी 19 साल निवासी खिरहनी पिपरिया थाना बरही के कब्जे से एक मोबाईल वन प्लस कंपनी का कीमती 27999/-रु. का जप्त किया गया। घटना दिनांक- 17/04/25 को फरियादी प्रियान्शू चतुर्वेदी निवासी सतना का ट्रेन 11705 जबलपुर रीवा शटल में मोबाईल वीवो कम्पनी का चोरी होने की रिपोर्ट करने पर अप.क्र. 405/25 धारा 305(सी) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना दौरान दिनांक 18/04/25 को आरोपी सत्यम उर्फ दीपू निषाद पिता भैयालाल निषाद 22 वर्ष निवासी वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक थाना कोतवाली के कब्जे से एक मोबाईल विवो व्ही-40 कम्पनी का कीमती 34,999 रु. का तथा चोरी के संदेह में विभिन्न कम्पनियों के 12 नग मोबाईल कीमती 202000 रूपए। आरोपी सत्यम उर्फ दीपू निषाद के कब्जे से जप्त किया।

इसी तरह 14/01/25 को फरियादी राहुल खियानी निवासी कटनी का ट्रेन नं. 22182 गोंडवाना एक्स. में रेलवे स्टेसन मुड़वारा में मोबाईल रेडमी कम्पनी का चोरी होने की रिपोर्ट करने पर अप.क्र. 405/25 धारा 305 (सी) बीएनएश का कायम कर विवेचना दौरान दिनांक-18.04.25 को आरोपी जितेन्द्र विश्वकर्मा पिता जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा 34 वर्ष निवासी मुंगावली थाना मुंगावली जिला अशोकनगर म.प्र. के कब्जे से एक मोबाईल रेडमी कम्पनी का कीमती 10,000 जप्त किया गया। घटना दिनांक 16/04/25 को फरियादी चाहत कुमार निवासी जमुना कालरी अनूपपुर का रेलवे स्टेशन मुड़वारा में एक चांदी की चैन व नगदी 15000 रु. अज्ञात आरोपी व्दारा लूटने की रिपोर्ट पर मामला पंजीबध्द कर विवेचना दौरान दिनांक 21/04/25 को आरोपी रचित विश्वकर्मा पिता संतोष विश्वकर्मा 19 वर्ष निवासू पाठक वार्ड लक्ष्मीपान भण्डार के सामने भट्टा मोहल्ला थाना रंगनाथ नगर जिला कटनी के कब्जे से चांदी की चैन व नगदी 1000 रु. कुल कीमती-6600रु. का जप्त किया गया।

---



## जैविक खाद का फसल में उपयोग का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए परियोजना कार्य हेतु श्याम श्री गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तेवरी का शैक्षणिक भ्रमण प्राचार्य डॉ सुनील बाजपेईके मार्गदर्शनमें जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा बीएससी बायोटेक के विद्यार्थियों को भ्रमण कराया गया।

शासन के निरंतर प्रयास से जैविक खेती को गति प्रदान करनेकृषि को लाभ का धंधा बनाने कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग केंचुआ खाद निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि तथा वर्मी वाश निर्माण एवं फसलों में उनके उपयोग प्रकाश खाद एवं ईंधन प्रयोग के लिए बायोगैस संयंत्र। जैविक खाद का फसल में उपयोग का अवलोकन कराया गया। कृषक पवन कुमार पांडे द्वारा गौशाला प्रबंधन गोमूत्र एकत्रित करने का तरीका गायों की विभिन्न नस्ल गीर साहिवाल हरियाणा गंगा तीर आदि का अवलोकन तथा दुग्ध उत्पादन की जानकारी दी गई संतुलित पशु आहार चारा विभिन्न रोग उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी दी गई जैविक उड़द मूंग तथा सब्जियों का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के समय कॉलेजके विद्यार्थीएवं फार्म के कर्मचारी तिवारी तथा दीपक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

---

*10 मई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन*

## राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण होगा, अधिभार में मिलेगी रियायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 10 मई को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

इस नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएविल इंस्टूमेंट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउन्स, कुटुम्ब न्यायालय, ग्राम न्यायालय, बैंक आदि विभागों के लंबित एवं बैंक, विद्युत, नगरपालिका आदि के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जाएगा। व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा के द्वारा बताया गया कि 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में छूट प्रदान की जावेगी। जिसमें निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलो वाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। ये सभी छूट केवल नेशनल लोक अदालत 10 मई में समझौता करने वाले प्रकरणों में ही दी जावेगी।

हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में उपरोक्त छूटों का लाभ लेते हुये आपसी समझौते से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये।

---

### नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता शिविर आयोजित



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेंद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गत दिवस सचिव सुमित शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी एवं हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में नशे की रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक व जागरूकता शिविर का आयोजन किड्स केयर उच्चतम माध्यमिक विद्यालय तिलक कॉलेज के पास कटनी में किया गया। संस्थापक डॉक्टर डीके खरे और ममता खरे, कात्यानी खरे के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सुमित शर्मा जी के द्वारा कैसे बच्चे आगे बढ़े इस संबंध में अपने उद्बोधन में नई-नई जानकारियां दी गई। नशे से कैसे बचे, नशा कितना हानिकारक है, इस विषय पर विस्तार से बच्चों को बताया। विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन के द्वारा नशे से अपने आप को कैसे सुरक्षित रखकर पढ़ाई कर आगे बढ़े इस संबंध में बच्चों को मोटिवेट किया गया। साथ ही निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। श्रीमती प्रीति सेन के द्वारा नालसा एवं सालसा की जानकारी दी गई, साथ ही गुड टच बेड टच के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया।

---

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एनसीसी कैंप का समापन, मेडल किये वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



32 एमपी बटालियन एन सी सी कटनी द्वारा लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह के कुशल नेतृत्व में 18 अप्रैल आयोजित किए जा रहे एन सी सी कैंप का 26 अप्रैल को समापन हो गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी हुई इस शाम में जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार शर्मा, मुख्य न्यायाधीश अस्सिटेंट जे पी चढार , सचिव सुमित शर्मा, पारस जैन उपस्थित रहे।

### प्रस्तुतियों से मन मोहा

कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के विभिन्न संस्थानों से आए एन सी सी कैडेट्स ने भारतीय संस्कृति का संरक्षण करती हुई अपनी प्रस्तुतियों से भारतीय परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने सफल प्रयास किया। अपनी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से वे उपस्थित जन मानस के पटल में अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के बाद कैंप के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे शूटिंग, ड्रिल आदि में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को जिला प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार शर्मा एवं कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सभी ए एन ओ,सभी पी आई स्टाफ एवं मीडिया के बंधु उपस्थित रहे।

---

*निःशुल्क गणवेश एवं साइकिल वितरण जुलाई तक होगा पूर्ण*

## अप्रैल में ही विद्यार्थियों तक पहुँची पाठ्य पुस्तकें, एजुकेशन पोर्टल से मानीटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अब तक कक्षा एक से 12वीं तक लगभग 72 लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थी निर्धारित कक्षाओं में अपना नामांकन दर्ज करवा चुके हैं। वहीं कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले लगभग 5 लाख विद्यार्थी कक्षा में 6 में तथा कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले करीब 4 लाख 84 हजार से अधिक विद्यार्थी कक्षा 9 में प्रवेश ले चुके हैं। कक्षा एक से 8वीं तक में लगभग 59 लाख 66 हजार से अधिक एवं कक्षा 9 से 12वीं में 12 लाख 73 हजार से अधिक विद्यार्थी अभी तक नये शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 में प्रवेश ले चुके हैं।

प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू हुए नये शैक्षणिक सत्र में अब तक लगभग एक लाख 62 हजार से अधिक बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश हो चुका है। इनमें से लगभग एक लाख से अधिक बच्चों के अभिभावकों ने उनका प्रवेश शासकीय विद्यालयों में कराया है। शेष करीब 35 हजार बच्चे निजी विद्यालयों की कक्षा एक में प्रवेश ले चुके है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष तक स्कूल चलें हम अभियान का संचालन जून माह में किया जाता था जिसे इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक अप्रैल से ही संचालित किया गया है।

### पोर्टल से मॉनिटरिंग

स्कूल चलें हम अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के नामांकन के लिए एज्युकेशन पोर्टल 3.0 का एक अप्रैल को लोकार्पण किया था। पोर्टल के माध्यम से शालाओं में कक्षावार नामांकन की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। नामांकन का कार्य सतत प्रगति पर है तथा अधिकांश चिन्हित बच्चे निर्धारित कक्षाओं में प्रवेश ले रहे हैं।

इस वर्ष समय डेटा के आधार पर कक्षा एक में प्रवेश के लिये योग्य बच्चों की ग्राम और वार्ड वार सूची भी शिक्षकों को पहले से ही उपलब्ध कराई गई है। जिससे शिक्षकों के द्वारा इन बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर शाला प्रवेश कार्य में सुविधा हो रही है।

प्रदेश में परीक्षा परिणामों की समयबद्ध घोषणा माह अप्रैल में ही की गई है। इस वजह से आशाजनक कक्षावार नामांकन का एक प्रमुख कारण यह भी है। प्रदेश में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के अलावा अन्य सभी कक्षाओं की स्थानीय परीक्षाओं और कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न परीक्षाओं के परिणाम भी इस वर्ष मार्च अंत तक घोषित किये जा चुके हैं, जिससे विद्यार्थियों के द्वारा आगामी कक्षाओं में समय से प्रवेश लिया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष नवीन सत्रारंभ की पूर्व तैयारी इस प्रकार की जिसमें प्रथम दिवस एक अप्रैल से ही कक्षा शिक्षण में कोई कठिनाई नहीं हुई। इस के लिये योजना तैयार कर एक अप्रैल के पहले ही नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकें विद्यालयों तक पहुंचाई गई। निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण इस वर्ष एक अप्रैल से ही प्रारंभ हुआ। अद्यतन स्थिति में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक पाठ्य पुस्तकें शालाओं में उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इस सत्र में निःशुल्क गणवेश एवं निःशुल्क साईकिल वितरण भी जुलाई तक पूर्ण करने का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

---

#### कुठला पुलिस ने की कार्यवाही, तत्वों को सुधर जाने दी सख्त ताकीद

# अशांति फैलाने वाले दर्जन भर अपराधिक तत्वों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कुठला पुलिस ने एक दर्जन असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा क्षेत्र में अमन शांति कायम रखते हुए असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने प्रभावी कार्यवाहियां किए जाने निर्देशित किया गया है।

थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कुठला पुलिस द्वारा आपस में विवाद कर क्षेत्र में अशांति फैलाते पाये जाने पर 12 असामाजिक तत्त्वों कृष्ण केवट उर्फ किशन पिता अशोक केवट 25 साल निवासी शंकरगढ पहरुआ थाना कुठला, गुड्डू पिता गन्नू बर्मन 28 साल निवासी इन्द्रानगर थाना कुठला, क्रांती निषाद पिता सुरेश निषाद 19 साल निवासी इन्द्रानगर थाना कुठला, मुन्ना चौधरी पिता कंशू चौधरी उम्र 40 साल निवासी कन्हवारा थाना कुठला, राकेश बंशकार पिता कंधीलाल बंशकार 42 साल निवासी लमतरा थाना कुठला, विनोद कुमार पिता सुखन्दी कोल 38 साल निवासी जोबी मझगवां थाना कुठला, दिलीप दाहिया पिता कमलेश दाहिया 24 साल निवासी मतवार पडरिया थाना कुठला, अंकुश कोल पिता विनोद कोल 19 साल निवासी जोबी मझगवां थाना कुठला, राजा यादव पिता बुद्ध यादव 18 साल निवसी पिलौंजी थाना कुठला, सचिन पाल पिता गनपत पाल 19 साल निवासी पिलौंजी थाना कुठला, विजय कुमार यादव पिता रामसहाय उम्र 30 साल निवासी डिठवारा थाना कुठला, अजय चौधरी पिता रमेश चौधरी उम्र 26 साल निवासी कन्हवारा थाना कुठला, के विरुद्ध शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई, नायब तहसीलदार आकाश नामदेव द्वारा थाना कुठला में उपस्थित होकर सभी अनावेदको के विरुद्ध फाइनल फाईनल बाउण्ड ओवर की कार्यवाही की गई। कुठला पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र द्वारा उपदवी लल्वो को हिदायत दी कि अनावश्यक माहौल खराब न करें यदि उपद्रवी तत्व अपनी हरकतों में सुधार नही करते है तो उनके विरुद्ध विधि संगत कड़ी कार्यवाही की जावेगी ।

एक अन्य आदतन अपराधी के बारे में दौरान भ्रमण के सूचना मिली कि नयागांव पुरैनी रोड पर एक व्याक्ति अवैध रूप से बका लिये अपराध घटित करने के उद्देश्य से खड़ा है जिसकी सूचना पर उनि. विनोद सिंह हमराह स्टाफ एवं गवाहों के नयागांव पहुंचे जहां रोड के किनारे एक व्यक्ति मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसमें अपना नाम लाला उर्फ मुकेश पिता लोकराज निषाद उम्र 21 साल निवासी इन्द्रानगर थाना कुठला का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक धारदार बका नुमा चाकू हाथ में लिये मिला जिसके विरुद्ध थाना कुठला में अप.क्र. 340/25 धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी की आज दिनांक 27.04.25 को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से जेल में दाखिल किया गया है।

---

## ज्ञापन सौंपकर नो एंट्री का समय बढ़ाने की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे को समाजसेवी रौनक खंडेलवाल ने आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में विवाह सीजन को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए मांग की। मैरिज गार्डन के आसपास रात्रि 10 बजे के बाद बारातों के निकलने के समय बड़ी गाड़ियों की एंट्री के चलते बारातियों, वाहन ड्राइवरों, मालिक तथा आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इससे कई बार यातायात अव्यवस्था और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने मांग की है कि विवाह सीजन के दौरान बड़ी गाड़ियों के नो-एंट्री समय को रात 10 बजे से बढ़ाकर 12 बजे तक किया जाए, ताकि बारातें सुचारु रूप से निकल सकें और आम नागरिकों को भी राहत मिले। साथ ही सुझाव दिया कि विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मैरिज गार्डनों के संचालकों से समन्वय स्थापित कर, बारातों के निकलने का समय पूर्व निर्धारित किया जाए। इससे यातायात विभाग को नियंत्रण बनाए रखने में मदद मिलेगी तथा किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचा जा सकेगा। आवेदन में कटनी के उन प्रमुख क्षेत्रों का भी उल्लेख किया गया है जहाँ अक्सर बारातों के कारण यातायात प्रभावित होता है। जैसे पन्ना तिराहा से गल्ला मंडी रोड, जगन्नाथ चौक से संत रविदास चौक होते हुए बस स्टैंड रोड, जगन्नाथ चौक से धर्मलोक अस्पताल रोड, आदर्श कॉलोनी एवं घंटाघर रोड, जोहला बायपास से दुबे कॉलोनी रोड, माधवनगर गेट से बिलहरी मोड़ रोड में अधिकतर यह स्थिति बनी रहती है।

**खबर संक्षेप**

## प्रेम सींग ने संभाला सीएमओ का प्रभार

**पटेरा।** नगर परिषद पटेरा में प्रभारी सीएमओ सुंदरलाल सोनी को मूल पद पर पथरिया भेज दिया गया है व उनके स्थान पर तेंदूखेड़ा में पदस्थ सीएमओ प्रेमसींग चौहान को अतिरिक्त प्रभारी दिया गया है जिन्होने अपना प्रभार ग्रहण कर कार्य प्रारंभ कर दिया है। श्री सोनी को मात्र चार माह ही सेवानिवृति को शेष थे जिससे उन्हे यही से सेवानिवृति की तैयारी कतिपय सूत्र कर रहे थे। श्री सोनी को पटेरा से वापिस मूल पद पर भेजने के पीछे चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## फिल्टर तलैया का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**दमोह।** स्वच्छता ही सेवा का 44 वां सप्ताह के तहत दीवान जी की तलैया दमोह में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वंयसेवी संस्थाओं, वार्डवासियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई गई। श्रमदान कार्यक्रम उपरांत कलेक्टर श्री कोचर ने सुभाष कॉलोनी नाला, फिल्टर तलैया का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## महादेव घाट पर सड़क किनारे रैलिंग का कार्य पूर्ण

**दमोह** । प्रधानमंत्री सड़क के महाप्रबंधक देवेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि महादेव घाट पर जिला प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सड़क किनारे रैलिंग का कार्य पूर्ण किया गया।

# मौसम ने ली करवट : तेज आंधी के साथ बारिश आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ



तेजगढ़ से लेकर तेंदूखेड़ा में रविवार को दोपहर बाद मौसम बदला और तेज आधी के बाद गरज के साथ बारिश हुई। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।मृतक व्यक्ति तेजगढ़ थाना अतर्गत कंसा ग्राम का निवासी हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी अचानक मौसम बदला व रिमझिम बारिश होनी शुरू हुई। उसी दौरान कंसा निवासी अज्जू पिता रामप्रसाद यादव उम्र 26 वर्ष घर के पीछे बारी में रखे भूसे को ट्रिपल से ढाकने गया था। तेज गरज के साथ बिजली तड़की और गाज के रूप में युवक के ऊपर गिर गई। युवक को जमीन पर पड़ा देख परिजन तत्काल युवक को उठाकर तेजगढ़ प्रथमिक स्वस्थ केन्द्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

दूसरी घटना भी तेजगढ़ थाना क्षेत्र के पुरा ग्राम से सामने आया है जहां पर खेत की रखवाली करने वाले मुकेश पिता भगवान सींग लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी पुरा भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई जहां परिजनों ने घटना की सूचना तेजगढ़ पुलिस को दी गई। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ओर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि मुकेश अपने खेत पर उड़द की देखरेख कर रहा था तभी दोपहर 3 बजे अचानक से आंधी तूफान शुरू हो गई और बारिश जहां मुकेश आम के पेड़ के नीचे जाकर खड़ा हो गया। और गाज की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई दोनों घटनाक्रम में पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों उठे तूफ़ान ने नगर में बड़ा रूप ले लिया कई दुकानों के सामने लगे टीन शेड उड़ गए कई पेड़ की डालियां टूट कर गिर गई उसके बाद दस से पंद्रह मिनट तक नगर में तेज बारिश हुई जहां मौसम में ठंड महसूस की गई वहीं तेन्दूखेड़ा के अलावा दर्जनों गांवों में लोगों के घरों के छप्पर उड़ गए और टीनशैड भी खबर लिखे जाने तक ठंडी हवाओं का दौर चलता रहा

तेजगढ़ थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत के संबंध में तेजगढ़ थाने से प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह ठाकुर ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई है जिसमें अर्जेश उर्फ अज्जू यादव पिता राम प्रताप यादव उम्र26 बर्ष की मौत हो गई है और मुकेश पिता भगवान सिंह लोधी है। दोनों घटनाओं में पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया मामले की जांच की जा रही है।

### तेज आंधी के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि

**हटा।** विगत दिनों से हो रही भीषण गर्मी से उस समय राहत मिली जब रविवार की दोपहर तेज हवाओं के साथ क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई हालांकि दो दिनों से आसमान में बादलों का डेरा छाया हुआ था जो रविवार की सुबह 10 बजे बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश होने लगी करीब आधा घंटे की बारिश में सड़कें तर-बतर हो गई जिससे लोगों को हो रही भीषण गर्मी से राहत मिली। क्षेत्र में बारिश के साथ नगर के समीपस्थ लुहारी बनगांव के बीच ओलावृष्टि हुई जिससे खेतों में लगी मूंग की फसल को किसान बारिश के लिए लाभकारी बता रहे हैं तो दूसरी ओर ओलावृष्टि होने से नुकसान की संभावनाएं भी बताई जा रही है। दोपहर दो बजे के बाद पुनः हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। पूरे दिन मौसम में ठंडक घुली रही ओर युवा वर्ग खुशनुमा मौसम का आनंद सड़कों पर घूमकर लेते नजर आए।

## विद्युत मंडल के विरुद्ध सीएम हेल्पलाइन लगाना पड़ा महंगा उपभोक्ताओं की आपूर्ति बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

विद्युत मंडल की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर उपभोक्ताओं को उस समय महंगा पड़ गयी जब शिकायत के निराकरण से संतुष्ट नहीं होने पर विभाग ने जबरन शिकायत बंद कराने यह विद्युत कनेक्शन बंद करने की कार्यवाही कर डाली। पीड़ित उपभोक्ता सचिन पटेल ने बताया कि मेरे घर पर मेरे दादा के नाम हरिदास पटेल के नाम से विधुत कनेक्शन हैं। नवम्बर माह में स्मार्ट मीटर लगाया गया जिसकी मीटर रीडिंग मेरे द्वारा लिख ली गई लेकिन जब मेरा बिल आया तो उसमें ऐवरेज बिल का बिल आया जिसकी शिकायत लेकर विधुत मंडल के कार्यालय पहुंचा जहां अशोक असाटी ने आवेदन लेने से ही मना कर दिया इसके बाद मेरे द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई। मेरे द्वारा प्रत्येक माह का बिल लगातार जमा भी किया गया अचानक दोपहर 11 बजे लाइट बंद हो गई जब कनेक्शन अवरूद्ध होने की जानकारी ली तो मुझे पता चला कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत बंद कराएं इसके बाद विधुत सप्लाई की जाएगी। यहां बता दें कि फ़ोर्स क्लोज सीएम हेल्पलाइन पर शिक्षा विभाग के चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था। यहां बता दें कि पिछले माह मार्च के अंत स्कूलों में बिना मीटर लगे ही बिल जनरेट करने का मामला सामने आया था लेकिन किसी भी लाइन मैन पर कार्यवाही नहीं हुई।

इस संबंध में विधुत मंडल के अशोक असाटी का कहना है कि उपभोक्ता द्वारा गलत जानकारी दी जा रही है ऐसे दो मामले है जो शिकायत बंद नहीं करा रहे थे। इस संबंध में डीई संभागीय अभियंता प्रवीण कुल्हाड़े ने बताया कि विभाग द्वारा ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है यदि ऐसा किया गया तो मैं जानकारी लेता हूं।

## दूसरी बार घर से भागी नाबालिग, पांच घंटे बाद लिखी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

जिले के तेंदुखेडा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग घर से भाग गई। जब पीड़ित परिवार रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचा तो पुलिस ने काफी देर रिपोर्ट नहीं लिखी और एएसआई गोस्वामी के द्वारा झूठा मामला दर्ज करने की धमकी दे डाली। स्थानीय लोगों का कहना है यदि पुलिस का ऐसा रवैया रहेगा तो आम व्यक्ति अपनी समस्याएं लेकर कहा जायेगा । मामले की जानकारी मीडिया को लगी और पूरे मामले से तेंदुखेडा थाना प्रभारी को अवगत कराया। उसके बाद शनिवार शाम को संदेही युवक के नाम पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

तेंदूखेड़ा थाने अतर्गत एक गांव में रहने वाली नाबालिक लड़की पहली बार 17 मार्च को घर से तेंदुखेडा शासकीय कालेज की बोलकर आई थी, लेकिन बाद में वह घर नहीं पहुंची। परिवार के लोगों ने खोजबीन की, लेकिन नाबालिक का कोई सुराग नहीं मिला। परिवार के लोगों ने पहली बार ही तेंदुखेडा थाने पहुंचकर नाबालिक लड़की को ले जाने वाले आरोपी का नाम पुलिस को बताया, लेकिन पुलिस ने अज्ञात में गुमशुदगी दर्ज कर ली। बाद में कुछ दिनों बाद पुलिस ने नाबालिक लड़की को उसी लड़के के पास से बरामद कर लिया, लेकिन पुलिस ने उस लड़के को आरोपी नहीं बनाया। उसके बाद लड़की मामा के घर अपनी मां के साथ रहने लगी, लेकिन शुकवार की रात पुनः आरोपी लड़का नाबालिक को भगा ले गया। नाबालिक के पिता ने बताया पुलिस जब मेरी नाबालिक लड़की को लेकर आई, लेकिन हम लोगो को उससे मिलने नहीं दिया। बाद में हमलोगो से राजीनामा लिखवा लिया और एसआई ने आम व्यक्तियों को बता दिया कि नाबालिक लड़की के परिजनो ने दो लाख रुपया लेकर राजीनामा कर लिया है। जबकि हम लोगो ने एक रुपया नहीं दिया। शनिवार को जब दूसरी बार हमलोग रिपोर्ट दर्ज करने गये तो पहले पुलिस वाले इज्जत मानमर्यादा की दुहाई देते रहे, लेकिन हम लोग नहीं माने तो उल्टा हमलोगो को झूठे मामले में फसाने की धमकी एसआई द्वारा दी गई। तेंदुखेडा थाना प्रभारी नीतेश जैन से मामले को लेकर बात की तो उन्होंने बताया शनिवार को एक गुमदुशी दर्ज की गई है उसके पूर्व क्या हुआ उसकी जानकारी विवेचना या पूर्व थाना प्रभारी ही दे सकते है संदेही युवक की खोजबीन की जा रही है।

## अवैध शराब बिक्री बंद कराने जिपं सदस्य ने सौंपा ज्ञापन

**मडियादो।** मडियादो थाना क्षेत्र के पाली गांव सहित अन्य गांवों में बिक रही अवैध शराब बिक्री बंद कराने ग्रामीण कमर कस चुके है ।पाली गांव में ग्रामीणों द्वारा अब उनके गांव में अवैध शराब बिक्री बंद कराने की लिए सीएम हेल्पलाइन पर गुहार लगाई गई है। ग्रामीण जगदीश पटेल, नरेंद्र कुर्मी ने बताया कि उनके गांव पाली में तीन जगह अवैध शराब की बिक्री हो रही है। पूरा गांव शराबियों से परेशान है।ओर अवैध शराब बंद कराने लिखित रूप से मडियादो पुलिस को दे चुका है लेकिन नतीजा सिफर रहा है। जब कार्यवाही नहीं हुई तो उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर अवैध शराब बंद कराने के लिए शिकायत की है। वहीं जिला पंचायत सदस्य मडियादो प्रतिनिधि अभिषेक जैन ओर नारायण दहायत द्वारा भी थाना प्रभारी मडियादो रोहित द्विवेदी से अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए लिखित शिकायत की है। की गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि मडियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक एक दर्जन से अधिक गांवों में अवैध शराब की बिक्री चरम सीमा पर है । आसानी से गांवों में उपलब्ध हो रही शराब से गांवों में झगड़े, फसाद हो रहे है। शराब खोरी के चलते परिवारों में आर्थिक संकट बढ़ रहा है । अशिक्षा और नशे की लत युवाओं में देखने मिल रही है। अतः ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध शराब बंद कराई जाए अन्यथा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ जनांदोलन होगा। खबर लिखे जाने तक मडियादो पुलिस द्वारा क्षेत्र में कई जगह दविश देने की जानकारी सामने आई। लेकिन दविश दौरान क्या कार्यवाही हुई इसका खुलासा खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाया।



## मौसम ने ली करवट



**मड़ियादो** । रविवार अचानक मौसम ने करवट बदली सुबह 11 बजे के करीब धूल भरी आंधी चली जिसमें मकानों के बाहर छाया के लिए लिए लगे टीन शेड, चद्दर , बिजली पोल और अनेक स्थानों पर पेड़ गिरने की खबरें आई हैं। करीब 20 मिनट चली आंधी के बाद बारिश शुरू हुई जो 10 मिनट तक हुई बीच में कुछ समय के लिए मौसम साफ रहा,लेकिन दोपहर 2 बजे के बाद एक बार फिर गरज के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। इस दौरान मडियादो मुख्य मार्ग पर हरदौल के पास के एक पद घर पर गिर गया । घर के अंदर बैठी मासूम लड़की को सामान्य चोट आई । वहीं पेड़ गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया ओर जाम की स्थिति एक घंटे तक बनी रही।

### बिजली सप्लाई बंद

हटा से मड़ियादो होने वाली बिजली सप्लाई 33 कभी लाइन पर बिजली का पेड़ गिरने से बंद हो गई जो खबर लिखे जाने तक बहाल नहीं हो पाई थी। हालाकि बिजली विभाग के कर्मचारी सुधार कार्य में जुट गए थे। कस्बे में कालोनी की और से लंकापुरी की ओर जाने वाले मार्ग पर भी एक पेड़ आंधी से टूट गया उधर भी मार्ग अवरुद्ध रहा।

## दुर्ग से लालकुआँ के बीच 1 मई से समर स्पेशल ट्रेन

**दमोह।** दुर्ग से लालकुआँ के बीच 1 मई से दमोह सागर होकर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन शुरू होने जा रही है। जो कुल अठारह फेरों के लिए चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडीए 03 जनरल 15 स्लीपर 02 एसी. सहित कुल 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी । गाड़ी संख्या 08771 दुर्ग लालकुआँ साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 9 फेरों के लिए चलेगी। यह गाड़ी 01 08 15 22 29 मई 05 12 19 26 जून 2025 को प्रत्येक गुरुवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08772 लालकुआँ दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआँ से 02 09 16 23 30 मई 06 13 20 27 जून 2025 को प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। यह समर स्पेशल गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग रायपुर उस्लापुर पेंड्रारोड अनूपपुर शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर रूकते हुए पश्चिम मध्य रेल्वे के मुड़वारा कटनी दमोह सागर स्टशनों पर रूकते हुए वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी आगरा कैंट मथुरा निजामुद्दीन गाजियाबाद मुरादाबाद रामपुर रुद्रपुर सिटी स्टेशनों पर रुकते हुए लालकुआँ पहुचेगी। 08771 दुर्ग.लालकुआँ साप्ताहिक समर स्पेशल दुर्ग से प्रत्येक गुरुवार को 10.45 बजे रवाना होगी, रायपुर 11.20, उस्लापुर 13. 20 बजे, पेंड्रा रोड 14. 55 बजे, अनूपपुर 15.40 बजे, शहडोल 16.20 बजे, उमरिया 17 14 बजे, कटनी मुडवारा 19.50. दमोह 21.30, सागर 22.40, झांसी 2.10, आगरा 6.20, मथुरा 7.55, निजामुदीन 11.25, गाजियावाद 12. 35, मुरादावाद 15. 25, रामपुर 16.03, रूद्रपुर 16.35 बजे, होते हए लाल कुआ शाम को 17. 50 बजे पहुचेगी। इसी प्रकार 08772 लालकुआँ दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआँ से प्रत्येक शुक्रवार को 20.20 बजे रवाना होगी तथा तथा मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन उमरिया आगमन 19.46 बजे प्रस्थान 19.48 बजे शहडोल आगमन 21.20 बजे प्रस्थान 21.22 बजे अनूपपुर आगमन 22.05 बजे प्रस्थान 22.10 बजे पेंड्रारोड आगमन 23.00 बजे प्रस्थान 23.02 बजे तीसरे दिन उस्लापुर आगमन 01.15 बजे प्रस्थान 01.25 बजे रायपुर आगमन 03.00 बजे प्रस्थान 03.05 बजे तथा रविवार को 04.00 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

# श्री मुनिसुव्रत तीर्थ पंच कल्याणक महोत्सव का भव्य समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

दमोह जिले के ग्राम बांसा तारखेडा में नवनिर्मित श्री मुनीसुव्रत तीर्थ पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 21 से 27 फरवरी तक किया गया था। वहीं 27 फरवरी को गजरथ फेरी के साथ आयोजन का भव्य समापन किया गया। परम पूज्य आचार्य उदार सागर जी महाराज एवं मुनि श्री उपशांत सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से यह पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया था। तो वही पूरे पंचकल्याण महोत्सव को ब्रह्मचारिणी सुनीता दीदी का निर्देशन एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वहीं प्रतिष्ठाचार्य जय निशांत जी द्वारा पंचकल्याणक महोत्सव की समस्त क्रियाएं संपन्न कराई गई। आयोजन के समापन अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बांसा में 182 वर्ष बाद हुआ पंच कल्याणक - आचार्य उदार सागर जी



सब तरह से अपना नाता तोड़ो और अपने से नाता जोड़ो तो मुक्ति हो जाएगी। संसार से मुक्ति का रास्ता आचार्य कुंद कुंद ने बताया है। यदि कर्मों से बंधना हैं तो राग करो। यदि मुक्ति पाना है तो राग छोड़ दो। भगवान कहते हैं, जितना राग करोगे उतना ही फंसते जाओगे। कैलाश पर्वत पर आदिनाथ कर्मों का क्षय करके मोक्ष चले गए। भगवान का प्रतिदिन पूजन अभिषेक कर कर्मों की निर्जरा करो। 182 वर्षों के बाद बांसा में पंच कल्याणक हुआ हैं। पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिष्ठा के बाद मुनिसुव्रत तीर्थ में पंच कल्याणक हुआ हैं। बांसा जैन समाज ने सहयोग कर आयोजन को सफल बनाया। सभी ने प्रमुख इंद्र बनकर आयोजन में शामिल होकर अपना जीवन सफल बनाया। सुनीता दीदी के निर्देशन, संयोजन में यह आयोजन सफल हुआ। पैसा होने के बाद दान देना बड़ी बात हैं। कानपुर के कत्था परिवार ने पुण्यर्जन किया। सौधर्म इंद्र बनने वाले परिवार ने पुण्य अर्जन किया है। प्रतिष्ठाचार्य जय कुमार निशांत जी के विधि विधान से यह पावन आयोजन हुआ हैं। सभी को मंगल आशीर्वाद।

### बैर त्यागने वाले को मोक्ष प्राप्त होता हैं - मुनि उपशांत सागर

आप यहां बैठकर पुण्य का संचय कर रहे हैं। भगवान आदिनाथ ने एक हजार वर्ष तक तपस्चरण करने के बाद ज्ञान प्राप्त किया। इस संसारी प्राणी को भी सोचना चाहिए कि उसका कब तक कल्याण होगा। आपको पुण्य का संचय करना चाहिए। पुण्य संचय के लिए धर्म करना होगा। इस तीर्थ में जिन लोगों ने अपना द्रव्य लगाया हैं। उनको हमारा आशीर्वाद हैं। बैर की भावना को छोड़ने वाले को मोक्ष लक्ष्मी प्राप्त होती हैं। बैर की भावना का संहार करो। गुरुदेव उदार सागर ने अनेक पंच कल्याणक कराए हैं। आज बांसा पंचकल्याणक का आखिरी दिन है। गजरथ फेरी का वह भी सानंद संपन्न हुआ हैं। आप सभी के लिए मंगल आशीर्वाद हैं। गुरुदेव के भक्त दुबई से आस्ट्रेलिया से यहां आए। सभी के पुण्य की अनुमोदना।

## कांग्रेसजन मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देंगे: रतनचंद जैन



**दमोह।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मतदाता सूची पुनिरीक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। चारो विधानसभा से आये कांग्रेस प्रभारी बनाते हुए मतदाता सूची वितरित की गईं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव के निर्देशानुसार विधानसभा का जो भी समन्वय समिति के सदस्य है वह अपने क्षेत्रो में सक्रिय कांग्रेस पार्टी की सदस्यता करवाये पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि आज विपरित परिस्थितियों में भी जिले का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता सर्मपण भाव से पार्टी के प्रति वफादारी से काम कर रहा है हम सब गिले शिकवे भूलकर मिशन 2028 चुनाव की तैयारी में जुट जाये। पूर्व विधायक प्रताप सिंह, मनु मिश्रा, लक्ष्मण सींग, मानक पटैल, तेजीराम सहित तिलक सींग, संजय चौरसिया, लालचंद राय, प्रदीप पटैल, प्रदीप खटीक, शैलेन्द्र खटीक, परम यादव, घनश्याम यादव, नीलू पाठक, रजनी ठाकुर, सुषमा विक्रम सिंह, आशीष पटैल, गोविन्द तिवारी, रघुनाथ यादव, संतोष रजक, कमला निषाद, तुला यादव, ब्रजेश पटेल, पिंकी दुबे, शमीम कुरेशी, अमर सिंह, अरूण मिश्रा, राजेश राय, टेकसींग ने भी कहा कि हम सब अपने क्षेत्रो में सक्रिय है और जो भी जनसमस्या आती है उसकी पुरजोर आवाज शासन प्रशासन के सामने उठाते है और वह सक्रिय युवाओ की कांग्रेस की सदस्यता भी करवा रहे है बैठक उपरांत चीलघाट के वरिष्ठ कांग्रेस रतनसींग एवं मझगवां के चंदन सींग के निधन पर दो मीनिट का मौन रखा गया साथ ही पहलगाम में आंतिकियों कारनामा हरकत की निंदा की।

## अज्ञात युवक का शव मिलने से हिण्डोरिया मे सनसनी फैली, हत्या का शक जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

दमोह जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पहाड़ के बीचों बीच अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। यह शव क्षत विक्षित अवस्था मे पहाड़ के बीचों बीच मिला है। स्थानीय लोगो ने दुर्गंध फैलने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर हिंडोरिया पुलिस मौके पर पहुची। पुलिस और फॉरेंसिक टीम की जांच ने शव करीब 15 से 20 दिन पुराना होने का अनुमान लगाया गया है। शरीर पर सड़न के कारण शव की शिनाख्त करना मुश्किल हो रहा है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि आसपास के लोगो से पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वही बताया जा रहा है यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पहचान छिपाने के लिए शव को पहाड़ी क्षेत्र में फेंका गया होगा। बहरहाल पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर मार्ग क़ायम कर शव को पीएम एवं फॉरेंसिक जांच हेतु दमोह भेज दिया है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। गुमशुदा लोगो की जानकारी भी जुटाई जा रही है। फिलहाल इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

## मासिक बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

**पटेरा।** श्री बडे बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर की नवीन सत्र की प्रथम मासिक बैठक विद्या प्रशांत भवन में अध्यक्ष वीर नरेन्द्र जैन बजाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नवीन सत्र की कार्यकारिणी तय की गई। आगामी 30 अप्रैल अक्षय तृतीया पर इच्छुरस (गन्नारस) का वितरण किया जायेगा। समीपी क्षेत्र व ग्रामो एवं नगर में कोई साधु साध्वी न होने से समीपी गणधर तीर्थ क्षेत्र बेला जी में विराजमान साधु संतो को आहार देने व इच्छुरस का विशेष आहार देने सभी सदस्य अपनी शुद्ध वेश भूषा के साथ बेला जी पहुंचेंगे। इस हेतू राजेन्द्र बजाज, नीलेश सराफ, राजेन्द्र राही, जितेन्द्र बड़कुल को प्रभारी बनाया गया जो उपरोक्त कार्यक्रम संपादित करेंगे। गन्ने का रस वितरण कार्यक्रम स्वतंत्र सेठ, पंकज जैन, अमित जैन, निर्मल सेठ प्रभारी बनाये गये। इसी दिवस सकोरे भी वितरित करने का निर्णय लिया गया जिसकी व्यवस्था वीर राजेश सेठ, अतुल चौधरी, राकेश जैन, गोकुलचंद जैन प्रभारी बनाये गये। 2 मई को स्थापना दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित किये जाने का निर्णय लिया गया। परंपरानुसार बैठक का शुभारंभ महावीर वंदना से हुआ। अंत में आभार मंत्री महेश जैन ने माना। बैठक में सभी सदस्य शामिल हुये।